I/278030/2023

संख्या-पी-53/81-2-2023-800(30)/2023

प्रेषक,

आशीष तिवारी,
सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी,
उ0प्र0 लखनऊ।

पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन अनुभाग 2 लखनऊ दिनांक 21 फरवरी 2023

विषय जनपद आगरा में यमुना प्रदूषण नियंत्रण इकाई, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) आगरा द्वारा वॉईपुर एवं शहर रेंज के अन्तर्गत डी0एस0एटी0पी0 के निर्माण हेतु वॉईपुर वन ब्लाक, बाबरपुर वन ब्लाक, मऊ वन ब्लाक एवं ताज वन ब्लाक की 0.9024 हे0 आरक्षित वनभूमि के गैरवानिकी प्रयोग एवं बिना वृक्ष पातन की अनुमति के सम्बन्ध में। (प्रस्ताव संख्या-एफपी/यूपी/अदर्स/49462/2020)

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्रांक-2492/11-सी-एफपी/यूपी/अदर्स/49462/2020 दिनांक 06.02.2023 का कृपया सन्दर्भ ग्रहण करें।

3- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि विषयगत के परीक्षणोंपरान्त निम्न कमियां पायी गई है :

1. प्रस्ताव के पृष्ठ-11 पर प्रभागीय निदेशक की संस्तुति तिथि अंकित नहीं है ?
2. परियोजना में ताज वन ब्लाक की 0.9024 हे0 आरक्षित वनभूमि के गैरवानिकी प्रयोग के बदले समतुल्य गैर वनभूमि लिया जायेगा अथवा नही ? स्पष्ट किया जाय।
3. प्रस्तावित आरक्षित वनभूमि की जिलाधिकारी द्वारा मूल्यांकन रिपोर्ट संलग्न नहीं है ?
4. प्रस्तावित स्थल ताज वन ब्लाक के अन्तर्गत है। ताज महल जो एक ऐतिहासिक मकबरा है, में प्रस्तावित स्थल की दूरी ?

कृपया उपरोक्तानुसार स्थित स्पष्ट करते हुए सुस्पष्ट आख्या/प्रस्ताव शासन को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

D/m

Signed by आशीष तिवारी
Date: 21-02-2023 13:11:56
Reason: Approved

भवदीय,

(आशीष तिवारी)
सचिव।

CF
23/2/23

कार्यालय, मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, उ0प्र0, लखनऊ।
पत्रांक- 2729/11सी- FP/UP/Others/49462/2020 दिनांक, लखनऊ, फरवरी 23, 2023

प्रतिलिपि- वन संरक्षक, आगरा वृत्त, आगरा को इस आशय से प्रेषित कि उ0प्र0 शासन द्वारा उपरोक्त बिन्दुवार वांछित सूचना/अभिलेख इस कार्यालय को तत्काल तीन प्रतियों में उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

प्रतिलिपि- प्रभागीय निदेशक, आगरा को इस आशय से प्रेषित कि उ0प्र0 शासन द्वारा बिन्दुवार वांछित सूचना/अभिलेख इस कार्यालय को तत्काल तीन प्रतियों में वन संरक्षक के माध्यम से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

प्रतिलिपि- परियोजना प्रबन्धक, यमुना प्रदूषण नियंत्रण इकाई, उ0प्र0, जल निगम ग्रामीण आगरा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

कार्यालय वन संरक्षक, आगरा वृत्त, आगरा
पत्रांक 3712/141 27/2/2023

(अनुपम गुप्ता)
मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी,
उ0प्र0, लखनऊ।

प्रतिलिपि - प्रभागीय निदेशक, स्व0 का0 प्रभाग
आगरा को इस आशय से प्रेषित कि प्रस्ताव की उक्त आपत्तियों का निराकरण का सम्बन्धित अभिलेखों सहित 4 मूल प्रतियों में तत्काल इस कार्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

Lt. ST Page No.1734

वन संरक्षक,
आगरा वृत्त, आगरा